>

Title: Need to stop bauxite mining and other industrial projects polluting the biodiversity of Western Ghat region.

श्री राजू शेट्टी (हातकंगले): महाराष्ट्र का सहयाद्री पर्वत "वर्ल्ड हेरिटेज साईट्स" में सम्मिलित है और उसी पश्चिमी घाट में आज हो रहे पर्यावरण के विनाश पर हमने तुंत रोक नहीं लगायी तो इसका सबसे ज्यादा असर पुणे, सातारा, कोल्हापुर, सांगली और कोंकण के सिंदुदुर्ग, रत्नागिरी, रायकढ़, ढाणे आदि जिलों पर हो सकता है। समूचे भारत में हिमालय और पश्चिमी घाट पर्यावरण की दृष्टि से बहुत ही सेंसेटिव प्रदेश हैं। हिमालय ने अपना रौद्र रूप दिखा दिया हैं।

पश्चिमी घाट में चल रहे प्रदूषण कारक प्रोजेक्ट के साथ-साथ सबसे ज्यादा गैर कानूनन बॉक्साइट का उत्खनन हो रहा है। बॉक्साइट निकालने का जो कानूनन परमिट लिया जाता है, उससे कई गुणा ज्यादा उत्खनन हो रहा है। मायनिंग लॉबी ने सरकार के सभी नार्म ठुकरा दिये हैं। जिलाधिकारी, कोल्हापुर की अध्यक्षता में एक समिति भी गठित हुई है और इस समिति ने भी इस बारे में अपना विरोध जताया है। मैं भी खुद राज्य सरकार व केन्द्र सरकार से इस बारे में बार-बार शिकायत कर चुका हूं, लेकिन दोनों सरकारें इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही हैं। इससे पेड़ों की बेशुमार कटाई हो रही है। इस प्रदेश में भारी उद्योग और बड़े-बड़े वाहनों की वजह से यहाँ की भूमि फटने और बड़ी-बड़ी दरारें पड़ने की घटनाएँ बार-बार सामने आ रही हैं। दो साल पहले कोंकण रेल के उपर इसी इलाके में लैंड स्लायडिंग की वजह से बड़ी दुर्घटना हुई थी। यह हम भूल नहीं सकते। बढ़ता प्रदूषण, सीमेंट कॉंक्रिटीकरण करण इनका वन्य प्राणियों पर भी बुरा असर हो रहा है। ये सब चीजें रोकने की नितांत आवश्यकता है, नहीं तो आने वाले समय में यह प्रदेश भी प्राकृतिक आपदा से नहीं बच पायेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की होगी।।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Please go back to your seats.

...(*Interruptions*)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The House stands adjourned to meet again at 3.00 p.m.

14.03 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Fifteen

of the Clock.

15.00 hrs

The Lok Sabha re-assembled at Fifteen of the Clock.

(Madam Speaker *in the Chair*)